BYJU'S EXAM PREP

Daily Current Affairs
17 June 2022

Index

- भारत-जापान के बीच नई दिल्ली में वित्त वार्ता का आयोजन
- 'मिट्टी से बने गैर-विद्युत कूलिंग कैबिनेट' के लिए भारतीय मानक
- ‘पक्षी पहचान और मूलभूत पक्षी विज्ञान’ पाठ्यक्रम
- अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता उत्सव उन्मेष
- आपकी ज़मीन आपकी निगरानी योजना
- सॉवरिन गोल्ड बॉन्ड योजना 2022-23
- मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए, यू.एस. फेड की नीति
- एशिया ओशियाना ओपन चैम्पियनशिप

Important News: International

1. भारत-जापान के बीच नई दिल्ली में वित्त वार्ता का आयोजन

चर्चा में क्यों:

- जापान के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के वित्त उप-मंत्री श्री मासातो कांडा और वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग के सचिव श्री अजय सेठ के मध्य नई दिल्ली में पहली भारत-जापान वित्त वार्ता का आयोजन किया गया।

प्रमुख बिंदु:

- जापान के प्रतिनिधिमंडल में वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवा एजेंसी और वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधि जबकि भारतीय पक्ष की ओर से, वित्त मंत्रालय, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड तथा वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों द्वारा वार्ता में भाग लिया गया।
- वित्त वार्ता का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों में व्यापक आर्थिक स्थिति, वित्तीय प्रणाली, वित्तीय डिजिटलीकरण और निवेश संबंधी वातावरण को आगे बढ़ाना है।
- नई दिल्ली में आयोजित वित्त वार्ता में निजी वित्तीय संस्थानों सहित प्रतिभागियों द्वारा भारत में निवेश के और विस्तार की दिशा में विभिन्न वित्तीय विनियमन मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया गया।
- वित्त वार्ता के दौरान प्रतिभागियों द्वारा अगले दौर की वार्ता को टोक्यो में आयोजित करने की सहमति भी प्रदान की गयी।

स्रोत: पीआईबी

Important News: National

2. 'मिट्टी से बने गैर-विद्युत कूलिंग कैबिनेट' के लिए भारतीय मानक

चर्चा में क्यों:

- भारत के राष्ट्रीय मानक निकाय, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा 'मिट्टी से बने गैर-विद्युत कूलिंग कैबिनेट' के लिए एक भारतीय मानक-आईएस 17693: 2022 विकसित किया गया है।

प्रमुख बिंदु:

- मिट्टी से बने गैर-विद्युत कूलिंग कैबिनेट का नाम 'मिट्टीकूल रेफ्रिजरेटर' रखा गया है, जो एक पर्यावरण अनुकूल तकनीक प्रस्तुत करता है तथा इसका निर्माण गुजरात के अन्वेषक श्री मनसुख भाई प्रजापति द्वारा किया गया है।
- यह एक मिट्टी निर्मित प्राकृतिक रेफ्रिजरेटर है, जो मुख्य रूप से सब्जियों, फलों और दूध को भंडारित करने एवं जल को ठंडा करने के उद्देश्य से बनाया गया है, इसकी सहायता से बिना किसी विद्युत की जरूरत के भंडारित खाद्य पदार्थों को प्राकृतिक शीतलता प्रदान की जा सकती है तथा इसमें फलों, सब्जियों और दूध को उनकी गुणवत्ता को खराब किए बिना सही तरीक से ताजा रखा जा सकता है।
- मिट्टीकूल रेफ्रिजरेटर का उपयोग बिना विद्युत के खराब होने वाले खाद्य पदार्थों को भंडारित करने के लिए किया जा सकता है।
- यह मानक बीआईएस को 17 संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में से 6 (गरीबी न हो, भूखमरी न हो, लैंगिक समानता, सस्ती व स्वच्छ ऊर्जा, उद्योग, नवाचार व बुनियादी ढांचा और जिम्मेदार खपत व उत्पादन) को पूरा करने में महतवपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है।

स्रोत: द हिंदू

3. 'पक्षी पहचान और मूलभूत पक्षी विज्ञान' पाठ्यक्रम

चर्चा में क्यों:

- 'पक्षी पहचान और मूलभूत पक्षी विज्ञान' पाठ्यक्रम के चौथे बेच का समापन किया गया।

प्रमुख बिंदु:

- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री स्किल इंडिया मिशन की तर्ज पर भारत के युवाओं को ग्रीन स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत लाभकारी रोजगार प्राप्त करने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से पर्यावरण एवं वन क्षेत्र में कौशल विकास के लिए इस पहल को आगे बढ़ाया गया है तथा पाठ्यक्रमों में भाग लेने वाले 30 प्रतिशत छात्रों की पहले ही संगत सेक्टरों में नियुक्ति की जा चुकी है।
- पक्षी पहचान और मूलभूत पक्षी विज्ञान कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान, सतत विकास लक्ष्यों, राष्ट्रीय जैवविविधता लक्ष्यों तथा अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली (2016) की प्राप्ति के लिए तकनीकी ज्ञान और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता रखने वाले हरित कुशल श्रमिक विकसित करने का प्रयत्न करना है।
- यह पाठ्यक्रम पूर्णतया नि:शुल्क है जिसका वित्तपोषण पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा किया गया है।

स्रोत: न्यूज़ ऑन एयर

4. अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता उत्सव उन्मेष

चर्चा में क्यों:

- हिमाचल प्रदेश में तीन दिन का अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता उत्सव उन्मेष शिमला के ऐतिहासिक गेइटी थियेटर में आयोजित किया गया, जिसका उदघाटन केन्द्रीय संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा किया गया।

प्रमुख बिंदु:

- आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत राज्य के कला तथा संस्कृति विभाग के सहयोग से संस्कृति मंत्रालय और साहित्य अकादमी द्वारा संयुक्त रूप से इसका आयोजन किया गया है।

- अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता उत्सव उन्मेष देश में अब तक का सबसे बडा अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता महोत्सव है, जिसका भारत में पहली बार आयोजन किया गया है।
- अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता उत्सव उन्मेष में 425 से अधिक लेखक, कवि, अनुवादक, समालोचक द्वारा हिस्सा लिया गया हैं।
- उत्सव के दौरान स्वतंत्रता आंदोलन को दर्शाने वाली एक हजार से अधिक पुस्तकें प्रदर्शित की जाएंगी तथा बुकर पुरस्कार से सम्मानित लेखिका गीतांजलि श्री द्वारा भारतीय भाषाओं में महिलाओं की रचनाओं पर अपने विचार व्यक्त किये जायेंगे।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

Important News: State

5. आपकी ज़मीन आपकी निगरानी योजना

चर्चा में क्यों:

- जम्मू-कश्मीर में भू-अभिलेख अनुरक्षण प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा एक अनूठी पहल आपकी ज़मीन आपकी निगरानी योजना का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु:

- 'आपकी ज़मीन आपकी निगरानी' योजना का उद्देश्य राजस्व रिकॉर्ड की स्थिति को देखने या निगरानी करने के लिए सिस्टम तक आसान ऑनलाइन पहुंच की सुविधा प्रदान करना है।
- आपकी ज़मीन आपकी निगरानी योजना के तहत एक सीआईएस पोर्टल का शुभारंभ किया गया है जिसकी सहायता से अब नागरिक घर बैठे अपनी जमीन के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
- आपकी ज़मीन आपकी निगरानी योजना को डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स आधुनिकीकरण कार्यक्रम (DILRMP) के एक हिस्से के रूप में शुरू किया गया है।

स्रोत: ऑल इंडिया रेडियो

Important News: Economy

6. सॉवरिन गोल्ड बॉन्ड योजना 2022-23

चर्चा में क्यों:

- भारत सरकार द्वारा, भारतीय रिज़र्व बैंक के परामर्श से, जून 2022 से अगस्त 2022 तक दो किश्तों में सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड योजना को जारी करने का निर्णय लिया गया है।

प्रमुख बिंदु:

- सॉवरिन गोल्ड बॉन्ड योजना के तहत जारी बॉन्डों की बिक्री अनुसूचित बैंकों (लघु वित्त बैंकों और भुगतान बैंकों को छोड़कर), स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, नामित डाकघरों और मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों जैसे कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड के माध्यम से की जाएगी।
- भारत सरकार द्वारा सोने की मांग को कम करने और घरेलू बचत के एक हिस्से को वित्तीय बचत में बदलने के उद्देश्य से नवंबर 2015 में सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड योजना की शुरुआत की गयी थी।
- सॉवरिन गोल्ड बॉन्ड भारत सरकार की ओर से भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किये जाते हैं तथा इन बॉण्डों की बिक्री निवासी व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवारों (HUFs), न्यासों/ट्रस्ट, विश्वविद्यालयों और धर्मार्थ संस्थानों तक ही सीमित है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

7. मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए, यू.एस. फेड की नीति

चर्चा में क्यों:

- यूएस फेडरल रिजर्व द्वारा लगभग 30 वर्षों में सबसे अधिक आक्रामक ब्याज दर वृद्धि की घोषणा की गयी, जिससे बेंचमार्क उधार दर में 0.75 प्रतिशत अंक की वृद्धि हुई।

प्रमुख बिंदु:

- ब्याज दरें बढ़ने से अमेरिकी बांड लोगो के लिए अधिक आकर्षक बनेंगे जिससे निवेशक और नागरिक खर्च करने के बजाय अमेरिकी बांड में अधिक निवेश करेंगे।
- नवीन बेंचमार्क दर के साथ उधार लेना महंगा हो जाएगा, जिसकी सहायता से महंगाई पर काबू पाया जा सकता है।
- नवीन बेंचमार्क दरों से स्टॉक मार्किट पर प्रभाव पड़ेगा, जिसके कारण एफआईआई उभरते बाजार से अपना पैसा निकाल सकते हैं तथा एफआईआई यूएस बॉन्ड में निवेश कर सकते हैं जिससे अमेरिकी मुद्रा अन्य देशों की तुलना में अधिक मजबूत होगी।
- नवीन बेंचमार्क दरों से भारत पर त्रिस्तरीय प्रभाव पड़ेगा अमेरिकी ऋण बाजारों में उच्च रिटर्न से भारत से विदेशी निवेशकों का पलायन भी हो सकता है, तथा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा कमजोर होगी।

स्रोत: इकोनॉमिक टाइम्स

Important News: Sports

8. एशिया ओशियाना ओपन चैम्पियनशिप

- भारतीय पैरा भारोत्तोलक मनप्रीत कौर और परमजीत कुमार द्वारा दक्षिण कोरिया में आयोजित विश्व पैरा पावर लिफ्टिंग की एशिया ओशियाना ओपन चैम्पियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया।
- भारोत्तोलन की इस प्रतियोगिता में मनप्रीत कौर द्वारा महिलाओं के 41 किलोग्राम भार वर्ग में 88 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक अपने नाम किया तथा उनके द्वारा इस चैम्पियनशिप में कुल 173 किलोग्राम भार उठाया गया है।
- एशिया ओशियाना ओपन चैम्पियनशिप में पुरूष वर्ग में परमजीत कुमार द्वारा 49 किलोग्राम भार वर्ग के दो दौर में 160 और 163 किलोग्राम वजन उठाकर यह पदक अपने नाम किया गया, साथ ही एशिया ओशियाना ओपन चैम्पियनशिप में यह उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

स्रोत: न्यूज़ ऑन एयर